**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding Literary Mission.

**श्री गिरीश चन्द्र (नगीना)**: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश में साक्षर भारत मिशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2010, 2011 और 2012 में प्रदेश की 50563 ग्राम पंचायतों में दो शिक्षा प्रेरकों जिनमें एक महिला एवं एक पुरुष का चयन मेरिट के आधार पर ग्राम लोक शिक्षा केंद्रों पर किया गया था ।

इनका काम केंद्रों की मानिटरिंग करना तथा ग्राम पंचायतों में 15 वर्ष से ऊपर के निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर करने के साथ-साथ उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का था । शिक्षा प्रेरकों ने उत्तर प्रदेश में 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक साक्षरता दर पहुंचाने में बड़ी जिम्मेदारी से 8 वर्षों तक काम किया । उसके बाद वर्तमान सरकार के द्वारा 31 मार्च 2018 को बिना किसी सूचना के उन्हें बर्खास्त कर दिया गया ।

महोदय, शिक्षा प्रेरक का मानदेय धनराशि 35 से 40 महीने तक का बकाया है, जिसका अभी तक सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया गया है । अब उन्हें अपने परिवार का जीविकोपार्जन करने में परेशानी हो रही है । मेरी सरकार से मांग है कि साक्षर भारत मिशन योजना के अंतर्गत सभी कार्यरत शिक्षा प्रेरक एवं ब्लॉक समन्वयकों की पुनः बहाली की जाए और उनका बकाया मानदेय का भी भुगतान किया जाय । बहु-बहुत धन्यवाद ।